# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

| कक्षा:-8 | विषय: कहानी संचय | पाठ:2 |
|---|---|---|

प्रश्न 1. गाँव का क्या नाम था ?

उत्तर – गाँव का नाम फूलपुर था।

प्रश्न 2. गाँव के प्रधान का घर कहाँ था ?

उत्तर- गाँव के किनारे ही प्रधान का घर था।

प्रश्न 3. गाँव कैसे नष्ट हो गया था?

उत्तर- भारत-पाक युद्ध में इस गाँव पर एक बम गिरा और सब कुछ बर्बाद हो गया। पेड़-पौधे, खेत- खलियान सब नष्ट हो गए ।गाँव के तमाम लोग मौत के मुँह में समा गए।

प्रश्न 4. अनजान बुज़ुर्ग ने गाँव को बसाने के लिए क्या कार्य किए ?

उत्तर – अनजान बुज़ुर्ग ने गाँव के आसपास की जमीन पर पेड़ लगाने शुरू किए। सुबह से लेकर शाम तक वे सिर्फ पेड़ लगाते रहते । ज़मीन में गड्ढे खोदना, उनमें बीज़ बोना, सिंचाई करना और उनकी देखभाल करना बस यही उनका काम था।

प्रश्न 5. रेगिस्तान का गाँव नखलिस्तान की तरह क्यों लगने लगा?

उत्तर- अनजान व्यक्ति की मेहनत धीरे-धीरे रंग लाई। कुछ ही दिनों में आस-पास का इलाका पेड़ों से भर गया। पेड़ों के बड़े होने के साथ ही गाँव का उजाड़पन खत्म हो गया। यहाँ की रौनक लौटने लगी और यह गाँव इस रेगिस्तानी इलाके में नखलिस्तान की तरह लगने लगा।

प्रश्न6. लेखक उस गाँव में कब और क्यों आया था?

**उत्तर - लेखक लगभग पच्चीस साल पहले इस गाँव में शिकारी भीखा से मिलने आया था। तब यह एक साधारण- सा गाँव था। जिसमें बीस – पच्चीस घर थे और दो- चार पेड़ थे।**

**प्रश्न 7 बिजली लाने के लिए गाँव वालों ने क्या किया?**

**उत्तर- बिजली लाने के लिए गाँव वालों ने बहुत कोशिश की पर ऐसा संभव न हो सका इसलिए सब लोगों ने मिलकर वहाँ एक सोलर प्लांट लगवा दिया जिससे पूरे गाँव को बिजली मिलने लगी।**